Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- जोधपुर में पटवार हल्का खारिया मीठापुर तहसील बिलाडा के पटवारी रोहित कुमार 4,000/- रूपयें रिश्वत लेतें रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर दिनांक 11 फरवरी बुधवार, 2026। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी जोधपुर ग्रामीण द्वारा आज कार्यवाही करतें हुए **रोहित कुमार पटवारी, पटवार हल्का खारिया मीठापुर तहसील बिलाडा जिला जोधपुर** को 4,000/- रूपयें रिश्वत लेतें हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान, जयपुर के **महानिदेशक श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया की एसीबी जोधपुर ग्रामीण ईकाई को एक शिकायत इस आशय की मिली कि आरोपी रोहित कुमार पटवारी, पटवार हल्का खारिया मीठापुर तहसील बिलाडा जिला जोधपुर द्वारा परिवादी की जमीन के खाते में उसकी दादी के नाम का संशोधन करने की एवज में 5,000/- रूपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर मांग सत्यापन के दौरान परिवादी से आरोपी द्वारा 5,000/- रूपयें रिश्वत राशि मांग करना तथा परिवादी द्वारा कुछ कम करने की विनती करने पर 4,000/- रूपये रिश्वति राशि लेने हेतु सहमत होना पाया गया।

एसीबी जोधपुर रेंज के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री भुवन भूषण यादव** एसीबी जोधपुर के सुपरविजन में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों जोधपुर ग्रामीण के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पारस सोनी** नेतृत्व में मय ब्यूरों जाब्ता के आज ट्रेप कार्यवाही करतें हुए आरोपी रोहित कुमार पटवारी, को 4,000/- रूपयें रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों राजस्थान जयपुर के **महानिरीशक श्री राजेश सिंह** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ व कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामलें में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जायेगा।